Reg. No. :- JH-11-0004329
# अपेम लाइव न्यूज
(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)
दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 03-08-2022 अंक 304
Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### पूजा करने जा रही महिला सड़क दुर्घटना में हुई घायल, रेफर



बरही प्रखंड अंतर्गत गौरियाकरमा पंचायत निवासी गुंजरी देवी उम्र 46 वर्ष पति महेश राम सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला पूजा करने पास के शिवालय में जा रही थी। इसी क्रम में एक बाइक ने महिला को अपने चपेट में ले लिया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को तुरंत बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### बिजली तार के चपेट में आने से एक नाबालिग की मौत



चलकुस्सा प्रखंड अंतर्गत बनगांवा निवासी सूरज कुमार उम्र 15 वर्ष पिता इंद्रदेव साव घर के बाहर बिजली के खंभे से झूली तार के चपेट में आने से गंभीर हो गया। आनन फानन में युवक के परिजनों ने युवक को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### आजादी अमृत महोत्सव के अवसर पर कोबरा 203 वाहिनी 10000 निःशुल्क तिरंगा झंडा करेगी वितरण



सब इंस्पेक्टर पंकज यादव

पूरा देश आजादी की 75वी वर्षगांठ का उत्सव श्आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में माना रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने को कहा है। जिसको लेकर बरही पटना रोड में स्थित कोबरा 203 वाहिनी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों एक साथ मिलकर लगभग 10,000 तिरंगा झंडा निशुल्क वितरण करेगी। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जायेगा।इस बात की जानकारी सब इंस्पेक्टर पंकज यादव ने दी है।

APEM LIVE

# स्थानीय नेताओं की उपेक्षा का आरोप लगा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

## कहा: समर्पित कार्यकर्ताओं को नही दी जाती है तवज्जो

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



जिला अध्यक्ष को इस्तीफा सौपते इकबाल रजा

बरही प्रखंड अध्यक्ष इकबाल रजा ने अपने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। अपना इस्तीफा जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह को सौप दिया है। जिला अध्यक्ष को सौपे इस्तीफा पत्र में उन्होंने आरोप लगाया है कि स्थानीय नेता एवं पार्टी के निर्वाचित जन प्रतिनिधि समर्पित एवं पुराने कांग्रेसी को तवज्जो न देकर चापलूसी करने वाले को तवज्जो दे रहे हैं। जिससे समर्पित कार्यकर्ता अपने आपको को ठगा महसूस कर रहा है। इकबाल रजा ने बताया कि कांग्रेस पार्टी को पिछले 20 साल से सींचने का काम किया। अपने अध्यक्ष रहते हुए दो बार विधायक का चुनाव में जीत दिलाई। ईमानदारी पूर्वक पार्टी की सेवा की। संगठन को मजबूत बनाया। ग्रामीण स्तर पर कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान किया। लेकिन जब जनप्रतिनिधि बने तो हम जैसे समर्पित कई कार्यकर्ताओं को इग्नोर कर दिया जाने लगा। स्थानीय स्तर पर पार्टी की नही बल्कि व्यक्ति विशेष की चलती है। उनके इर्द गिर्द रहने वाले लोग ही लाभान्वित होते हैं। समर्पित एवं जमीन से जुड़े लोगों को कोई अहमियत नही दी जाने लगी। किसी तरह के कार्यक्रम में भी पार्टी के पदाधिकारी से ज्यादा चापलूसी करने वाले नेताओं को अहमियत दी जाती है। जिससे असंतुष्ट होकर उन्हें इस्तीफा देनी पड़ी। कहा कि मैं कांग्रेस का सामान्य कार्यकर्ता बना रहूंगा।।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## हर सनातनी को प्रत्येक मंगलवार अपने धर्म के प्रति समर्पित होनी चाहिए : मनोज यादव

### भगवती मंदिर में भजन संध्या कीर्तन एवं आरती का आयोजन, पूर्व विधायक हुए शामिल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



भजन आरती करते मनोज यादव एवं अन्य

स्थानीय श्रद्धालुओं की ओर से धनबाद रोड स्थित भगवती मंदिर में भजन कीर्तन एवं आरती संध्या का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संयुक्त बिहार के पूर्व मंत्री सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में हर मंगलवार को शाम के समय भजन कीर्तन का अलग ही महत्व है। मंगल आरती और भजन मंगल शक्ति का परिचायक होता है। भजन कीर्तन में शामिल होने से धर्म के प्रति आस्था प्रगाढ़ होता है। प्रत्येक मंगलवार को हर सनातनी को अपने धर्म के प्रति समर्पित होना चाहिए। भजन कीर्तन कार्यक्रम मे पूर्व मंत्री सह विधायक मनोज कुमार यादव,भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भगवती मंदिर के मुख्य संरक्षक सुरेंद्र रजक, यमुना प्रसाद केसरी, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, जिला परिषद की सदस्या प्रीति गुप्ता, विहिप के जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, ब्रजेश ठाकुर, बिपिन सिन्हा, गणपति कुमार झा, नवल किशोर सिंह, राजकुमार केसरी, युवा नेता राजकुमार यादव, अमित गौरव, ब्रह्मदेव यादव, मनोज उपाध्याय, श्याम मोहन शर्मा, लक्ष्मी गुप्ता, वीरेंद्र विश्वकर्मा, शिवनंदन यादव, महेश यादव, संतोष केसरी, मनोज यादव, रिंकू केसरी, भजन कीर्तन मंडली मंदिर के पुजारी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## खेत की जुताई कर रहे ट्रैक्टर के पलटने से चालक की मौत

**अपेम लाइव: विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



घटनास्थल पर जुटी ग्रामीणों की भीड़

धान खेत की जुताई कर रहे ट्रैक्टर के पलटने से चालक की दबकर घटनास्थल पर हीं मौत हो गई। घटना बुधवार को विष्णुगढ़ के चानो गांव में हुई। बताया जाता है कि ट्रैक्टर चालक बिनोद महतो (40) पिता छत्रु महतो गांव के हीं नीलकंठ महतो के खेत की धान रोपाई के लिए ट्रैक्टर से जुताई कर रहे थे। इसी दौरान खेत के गहरे कीचड़ में ट्रैक्टर फंस गया। चालक द्वारा ट्रैक्टर को कीचड़ से बाहर निक. ालने का काफी देर से प्रयास जारी था। इसी बीच ट्रैक्टर थोड़ा आगे बढ़ते हुए उछाल मारकर अचानक पलट गया। जिसकी चपेट में आने से चालक की दबकर मौत हो गई। ट्रैक्टर खेत मालिक नीलकंठ महतो का बताया जाता है। सूचना पर विष्णुगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी के सहारे दबे हुए शव को निकाला। इसके बाद शव तथा ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेजे जाने की प्रक्रिया पुलिस द्वारा की जा रही थी।

## तिलेश्वर साहू सेना, संस्कार बम का जत्था देवघर के लिए रवाना, युवा नेता अरुण साहू ने दी शुभकामनाएं

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



तिलेश्वर साहू सेना, संस्कार बम के बैनर तले बरही के लगभग 50 से अधिक कांवरियों का जत्था मंगलवार को देवघर के लिए रवाना हुआ। बरही, उज्जैना स्थित स्व तिलेश्वर साहू के आवास पर अखिल भारतीय तैलिक साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष सह तिलेश्वर साहू सेना के अध्यक्ष अरुण साहू, प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार, प्रधान सचिव विष्णुधारी महतो, उपाध्यक्ष भोली पासवान एवं अन्य प्रबुद्ध जनों ने कांवरियों को माला पहनाकर उन्हे देवघर के लिए रवाना किया। श्री साहू ने बैद्यनाथ धाम जा रहे शिव भक्तों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दो वर्षो के बाद भक्तों को बाबा धाम जाने का सुअवसर मिल रहा है। कांवरिया बरही विधानसभा क्षेत्र में सुख शांति की कामना बाबा भोलेनाथ से करें। कांवरियों में बब्लू साहू ( मीडिया प्रभारी ),पवन मंडल, राजेश साहु, सुरेन्द्र केशरी, रवि ठाकुर , ईश्वर साहु, राकेश साहु, टिंकू साहु, भोला निषाद, कुन्दन राणा, गोविन्दा राणा, मोनू राणा, निक्कू चंद्रवंशी, कृष्णा राणा, बंटी रविदास, अकाश निषाद, महावीर साहु, सूरज साहू, किशोर ठाकुर एवं मंटू केशरी सहित कई अन्य कांवरिया शामिल है।

## सनातन संस्कृति को एकजुट करने को विहिप का गांव चलो अभियान जारी

### विहिप की बेंदगी पंचायत समिति गठित, मुकेश यादव बने अध्यक्ष

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बैठक में शामिल विहिप के लोग

विश्व हिंदू परिषद की राष्ट्रीय संगठन विस्तार योजना के तहत गांव की ओर चलो का अभियान लेकर बरही ईकाई ने संक. ल्पित होकर कार्य करना शुरु कर दिया है इस योजना को साकार करते हुए विश्व हिंदू परिषद ईकाई बरही की एक बैठक बजरंग दल सूरक्षा प्रमुख सिकंदर कुमार की अध्यक्षता में बेंदगी पंचायत के दुर्गा मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई ।जिसका संचालन प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर ने किया।इस बैठक में विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, जिला गोरक्षा प्रमुख इंद्रदेव गुप्ता, एवं प्रखंड बजरंग दल संयोजक प्रदीप चंद्रवंशी सशरीर उपस्थित हुए।बैठक को संबोधित करते हुए बजरंग दल संयोजक ने कहा कि सनातन संस्कृति दुनिया की सबसे समृद्ध और पुरातन संस्कृति है।इसके बाद ही हमारे बिछड़े और दिग्भ्रमित भाई बंधु ने अन्य प्रकार के पंथ को जन्म दिया । कालखंड में सनातन संस्कृति में आई विकृतियों ने इन पंथ को बढ़ावा देने का कार्य हुआ।आज सनातन परंपरा को खंड में बांटकर अपने देश और धर्म को खंडित करने का कार्य किया गया।अब हमें एक जूट होकर ऐसे विघटनकारी शक्तियों को मुंहतोड़ जवाब देना होगा इस हेतु विश्व हिंदू परिषद ने ग्राम स्तर तक संगठन का विस्तार करने का निर्णय लिया है । संगठन का विस्तार करते हुए मुकेश यादव अध्यक्ष, मनोज साव मंत्री, पंकज यादव बजरंग दल संयोजक, विजय यादव सत्संग प्रमुख एवं सचीन भूंइया को बनाया गया।इस बैठक में अजीत कुमार, पंकज कुमार, नीरज कुमार, राजेश कुमार, सिकंदर यादव, सचिन कुमार, रोहित कुमार, नरेश कुमार,प्रमोद कुमार, प्रेम कुमार,सुरेंद्र कुमार,प्रदीप कुमार,संदीप कुमार,सहित अनेक रामभक्त कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई।

## अफीम कोठी में ब्रह्मविद्या विहंगम द्वारा सत्संग गोष्ठी का किया गया आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत बरही पश्चिमी पंचायत के अफीम कोठी निवासी अनमोल राणा के आवास पर बुधवार को ब्रह्म विद्या विहंगम द्वारा सत्संग गोष्ठी का आयोजन चंद्र मोहन मिश्रा के अध्यक्षता में किया गया। जिसमे कार ध्वनि सामूहिक, स्वागत गान चंद्रमोहन मिश्रा, मंगल गान अनमोल राणा, उद्घोष चंद्रमोहन मिश्रा, माल्यार्पण सामूहिक, ज्ञान गुदडी कृष्णा कुमार गुप्ता, भजन नागेश्वर केशरी एवं चंद्र मोहन मिश्रा, अमृत वाणी डॉ महेश प्रसाद, वंदना सामूहिक, ध्वजारोहण सामूहिक, आरती सामूहिक एवं शांति सामूहिक रुप से किया गया। मौके पर डॉ महेश प्रसाद, चंद्र मोहन मिश्रा, किशोर उर्फ सत्येंद्र सिंह, बढ़ो सिंह, अनमोल राणा, नागेश्वर प्रसाद केशरी, तापेश्वर राजा, प्रियंका देवी, आंशी शर्मा, मंजू देवी, मुनि देवी, किरण देवी एवं कमेश्वरी देवी मुख्य रुप से मौजूद थी।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## मुहर्रम को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

### शांतिपूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ मनायें त्योहार : एसडीओ पूनम कुजूर

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



संवाददाता बरकट्ठा : मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण मनाने को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी विक्रम कुमार व संचालन सांसद प्रतिनिधि केदार साव ने किया। बैठक में एसडीओ पूनम कुजूर,एसडीपीओ नाजीर अख्तर सीओ श्रीकांत लाल मांझी, प्रमुख प्रतिनिधि उमेश कुमार, उप प्रमुख प्रतिनिधि उतिम महतो मुख्य रुप से उपस्थित थे। मौके पर एसडीओ पूनम कुजूर ने कहा की रक्षा बंधन और मोहर्रम का त्योहार आपसी भाईचारगी के साथ मनायें। साथ ही सरकारी आदेशों का अनुपालन करें। वहीं एसडीपीओ नाजीर अख्तर ने लोगों को अफवाह से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा की अफवाहों पर ध्यान न दें और आपसी भाईचारे के साथ पर्व को मनायें। अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर है। वैसे लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। जुलूस में डीजे पर पूर्ण रूप से पाबंदी रहेगी। कानुन को तोडने वाले पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पुर्व मुखिया बसंत साव, मुंशी पासवान, सांसद प्रतिनिधि रघुवीर प्रसाद,जिप प्रतिनिधि यमुना साव, संतोष कुमार देव,पूर्व जिप प्रतिनिधि कलीम खां,भोला राम पंसस युसुफ अंसारी, मुमताज अंसारी, छोटीलाल मेहता,भोला राम, बिरेंद्र शर्मा, कासीम मियां,मोइन मियां, मो खलील अंसारी ,मो सराज अंसारी, गुलजार अंसारी, रीतलाल प्रसाद,रइश कौशर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## रेलवे स्टेशन पर बने शौचालय में लटका रहता है ताला

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : धनबाद कोडरमा रेल मार्ग में पढ़ने वाली चौबे रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर लाखों की लागत से बनी शौचालय में लटका रहता है ताला जिसके कारण यात्रियों को खुले में स्वच्छ जाना पड़ रहा है। भारत सरकार के द्वारा एक अच्छी पहल की गई थी की प्रत्येक रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए शौचालय बनवाया गया है। लेकिन स्थानीय रेलवे अधिकारियों के द्वारा ताला बंद कर दिया गया है। जिससे महिला यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## महतोडीह विद्यालय है शौचालय से वंचित

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**




चलकुशा –प्रखड अंतर्गत पंचायत चौबे के ग्राम महतोडीह में उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शौचालय नहीं रहने के कारण महिला टीचर के साथ साथ सभी छात्र छात्राओं को खुले में स्वच्छ करने को मजबूर है। एक तरफ प्रधानमंत्री का कहना है कि स्वच्छ मुक्त भारत बनाना है लेकिन ऐसा देखने को नहीं मिल रहा लोग अभी भी खुले में स्वच्छ जाने को मजबूर हैं। अब देखना यह है कि विद्यालय में शौचालय बन पाता है या नहीं।

## जागरूकता अभियान : हर घर तिरंगा अभियान के तहत जेएसएलपीएस के दीदियों ने निकाली रैली

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




आजादी के 75 वे वर्ष के उपलक्ष में हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने को लेकर बरही में आजीविका महिला मंडल से जुड़ी महिलाओं ने प्रखंड कार्यालय से होते बरही चौक एवं आस पास जागरूकता रैली निकाली गई। वहीं रैली के माध्यम से महिलाओं ने सभी लोगो से अपील किया की 13 – 15 अगस्त तक अपने अपने घरों में झंडोतोलन करने के लिए बताया गया। वहीं इस रैली में शामिल महिलाओं ने बताई की इस अभियान के तहत सरकार की योजना है की भारत के हर एक घर में तिरंगा लहराए। मौके पर बरही बीडीओ सी .आर. इंदवार, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, समाजसेवी मो कयूम, बरही पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, भंडारों मुखिया प्रतिनिधि सकलदेव यादव सहित कई अन्य महिलाएं मौजूद थी।

## समिति सदस्य अशोक यादव के अगुवाई में भटबिगहा खेल मैदान का हो रहा जीर्णोद्धार

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



गोविंपुर पंचायत के युवा समिति सदस्य अशोक यादव के अगुवाई में भटबिगहा के युवाओं ने खेल मैदान के जीणोद्धार का बीड़ा उठा लिया है। सरकारी लाभ नही मिलने व जनप्रतिनिधियों के उदासीन रवैये से नाराज खिलाड़ियो ने खुद के श्रमदान व आपसी चंदे से मरम्मती कराने व खेल मैदान समतलीकरण का कार्य कर रहे है। इस संदर्भ की जानकारी देते हुए पंचायत समिति सदस्य अशोक यादव ने कहा कि स्थानीय विधायक व सांसद ने हमेशा से भटबिगहा को अनदेखी किया है खासकर युवाओं के लिए कुछ नही किया गया। न खेलने का मैदान, न खिलाड़ियो के लिए कोई सुविधा। अशोक यादव ने कहा कि अगर पंचायत समिति सदस्य को कोई फण्ड मिला तो हम पंचायत के खिलाड़ियो के लिए बेहतर खेल सामग्री उपलब्ध करवाएंगे ताकि खिलाड़ियो के प्रतिभा को निखारा जा सके। उप मुखिया मनोज यादव ने कहा कि हम स्थानीय मुखिया से बात कर खेल मैदान सुंदरीकरण के लिए फण्ड का माँग करेंगे । खेल मैदान समतलीकरण में किशोर यादव, रामस्वरूप पासवान, रोहित यादव, बिनोद यादव, उमेश पासवान, मनोज यादव, संजय यादव, सुभाष यादव सहित ग्राम के समस्त खिलाड़ियो ने अपनी महती भूमिका निभाया।

## गौरियाकरमा नदी पर अवैध उत्खनन की सूचना पर पहुंचे पुलिस दलबल के साथ अंचलाधिकारी,

### छापामारी की सूचना पाकर घटनास्थल से भागे ट्रैक्टर सहित चालक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


बालू माफिया के खिलाफ छापामारी करने पहुंचे प्रशासनिक पदाधिकारी

बरही प्रखंड अंतर्गत गोरिया करमा नदी के आस पास बुधवार को अवैध बालू उत्खनन के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान का नेतृत्व अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो एवम पुलिस निरीक्षक सह बरही थाना प्रभारी ललित कुमार ने किया। प्रशास. निक पदाधिकारियों को आता देख सभी ट्रैक्टर चालक अपने अपने ट्रैक्टर को लेकर भाग गए। इस बाबत बरही अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो ने बताया कि अब लगातार अवैध बालू उत्खनन के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया जाएगा। बालू माफियाओं द्वारा अवैध बालू का उठाव से राजस्व को नुकसान हो रहा है। एनजीटी का भी उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने बालू माफियाओं के खिलाफ सख्त हिदायत देकर कहा कि अब किसी भी सूरत में बालू का उठाव नदी से नहीं किया जाना है। बालू का उठाव के जाने पर उनके खिलाफ विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी

APEM
LIVE



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय टाटो के बच्चों ने बीडीओ को दिया आवेदन

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय टाटो के बच्चों ने बिरनी बीडीओ सुनील वर्मा से मिलकर दिया आवेदन आवेदन में लिखा कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय टाटो में 2018 से टाटो विद्यालय में सिर्फ एक सहायक शिक्षक के भरोसे चल रहा है। विद्यायल वही विद्यायल के बाल संसद अध्यक्ष काजल कुमारी विद्यायल प्रधानमंत्री विशाखा भारती विद्यालय शिक्षा मंत्री रीता कुमारी ने आवेदन में कहा कि उत्क्रमित मध्य विद्यायल टाटो में कुल 1से 5तक 68छात्र छात्राओं एवं 6से 8में 53 छात्र छात्राओं है। जिससे शिक्षक एक है। हम सभी बच्चों का भविष्य एक शिक्षक के हाथों चल रहा है। आपसे अनुरोध है कि उत्क्रमित मध्य विद्यायल टाटो में कम से कम एक शिक्षक की प्रतिनियोजन किया जाए वही वीडियो सुनील वर्मा ने शिक्षक से जानकारी लेने के बाद बच्चों को अस्वाशन देते हुवे कहा कि जल्द ही शिक्षक की प्रतिनियोजन कर दिया जाएगा जिससे आप सभी बच्चों का भविष्य बना रहे और अपना नाम रोशन कर सके मोके पर बरमसिया पंचायत मुखिया विष्णुदेव प्रसाद वर्मा वार्ड सदस्य राजेंद्र प्रसाद सदानंद वर्मा दामोदर वर्मा गुरुगोविंद वर्मा रोहित वर्मा महेंद्र वर्मा बिरजू वर्मा ब्रह्मदेव वर्मा सुखदेव वर्मा पंकज वर्मा बासदेव वर्मा बेंकुठ वर्मा पूरन महतो देवेंद्र वर्मा पुनीत वर्मा नरेश वर्मा तुलसी वर्मा रेवत राय इन सभी ग्रामीण ने वीडियो सुनील वर्मा को शिक्षक की कमी को लेकर समस्या को अवगत कराया कहा कि टाटो विद्यालय में टाटो ,खरटी के काफी बच्चे उत्क्रमित मध्य विद्यालय टाटो में पढ़ते हैं।आपसे हम सभी ग्रामीण अपेक्षा करता हु की आप जल्द से जल्द कम से कम एक शिक्षक की वेसव्था करा दे ताकि सभी बच्चों की भविष्य बढ़िया से बन सके

## कान्हाचट्टी में झंडोतोलन को लेकर सभी विभागों की हुई बैठक

### प्रखण्ड कार्यालय में 9 बजे एवं थाना परिसर में 9:25 बजे होगा झंडोतोलन

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में बुधवार को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रखंड के सभी कार्यालयों में झंडोत्तोलन को लेकर सभी विभागों की बैठक की गई बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने की। बैठक में बैठक में प्रखंड के सभी कार्यालयों में झंडोत्तोलन के समय अवधि का निर्धारण सर्वसम्मति से किया गया। तय समय के अनुसार प्रखंड कार्यालय में सुबह 9:00 बजे ,सीआरपी कैंप में 9:15 बजे राजपुर थाना परिसर में 9:25 बजे, बी के प्लस टू उच्च विद्यालय में 9:30 बजे, बी आर सी में 9:40 बजे,बेसिक बुनियादी विद्यालय में 9:45 बजे,रामनगर उच्च विद्यालय में 9:50 बजे,तहशील कचहरी में 9:55 बजे,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कान्हाचट्टी में 10:05 बजे,जे एस एल पी एस कार्यालय में 10:20 बजे,स्टेट बैंक कान्हाचट्टी एवं राजपुर में 10:25 बजे एवं झारखण्ड आवासीय विद्यालय में 10:30 बजे समय निर्धारित किया गया है।वहीं अभी पंचायत सचिवालयों में पंचायत सेवक और मुखिया झंडा को फहराएंगे।मौके पर प्रमुख इंदु कुमारी,उपप्रमुख सुमन कुमार सिंह,थाना प्रभारी विकास पासवान,सहित सभी विभाग के विभागाध्यक्ष मौजूद थे।

## गिरिडीह उपायुक्त की अध्यक्षता में कोविड वैक्सिनेशन पर बैठक संपन्न

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आज दिनांक 03.08.022 को उपायुक्त की अध्यक्षता में कोविड वैक्सीनेशन पर बैठक आयोजित हुई , बैठक में जिला में चल रही कोविड वैक्सीनेशन की समीक्षा की गई । बैठक में सिविल सर्जन ने बताया की 12 से 14 आयु वर्ग एवं 15 से 17 आयु वर्ग में वैक्सीनेशन की गति काफी धीमी है ,12 से 14 आयु वर्ग में वैक्सीनेशन की मात्रा 48ः है एवं 15 से 17 आयु वर्ग में वैक्सीनेशन की मात्रा 57ः है सउपायुक्त ने धीमी गति से चल रही वै. क्सीनेशन में तेजी लाने का निर्देश दिया स जिसके तहत सभी स्टेकहोल्डर से बैठक कर वैक्सीनेशन अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया साथ ही वैक्स. ीनेशन में तेजी लाने हेतु सटीक रणनीति बनाने का निर्देश दिया । उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदा. धिकारी , अंचल अधिकारी एवं प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी के साथ वीसी मे कोविड वैक्सीनेशन में आ रही दिक्कतों के बारे में विचार - विमर्श किया एवं उनका समाधान करने हेतु संबंधित दिशा निर्देश दिया । उपायुक्त ने निर्देश दिया की सभी विद्यालयों में लक्षित आयु वर्ग के बच्चों का 100ः वैक्सीनेशन कराना सुनिश्चित करेंगे साथ ही संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक से प्रमाण पत्र भी प्राप्त करेंगे ताकि लक्षित आयु वर्ग के सभी बच्चों का टीकाकरण हो गया है । उपायुक्त ने सिविल सर्जन एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया की विद्यालयों में चल रहे कोविड वैक्सीनेशन का सजगता से अनुश्रवण एवं परीक्षण करेंगे ताकि लक्षित आयु वर्ग के सभी बच्चों को समय पर वैक्सीनेशन दिया जा सके ।

## अभाविप ने संत कोलंबा महाविद्यालय के प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन'

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



आज दिनांक 3/8 /2022 को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हजारीबाग ने संत कोलंबा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जे आर दास को महाविद्यालय के समस्याओं का समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा,विद्यार्थी परिषद ने मांग किया है,

1. महाविद्यालय में पेयजल की व्यवस्था।
2. सौचालय , हॉस्टल और महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई किया जाए।
3. महाविद्यालय के ब्ब्ज्ट कैमरा की मरम्मत जल्द हो
4. हॉस्टल में 247 एक सुरक्षाकर्मी उपलब्ध हो।
5. अंग्रेजी विभाग की शिक्षिका का विद्यार्थियों के साथ अबर्द्र भाषा के प्रयोग पर महाविद्यालय प्रशासन द्वारा जल्द से जल्द करवाई की जाय। 6. खेल के मैदान की मरम्मत कार्य में तेजी लाई जाए और खेल. कूद के लिए जल्द से जल्द शुरू किया जाए।
7. छात्र के लिए छात्र क०मन रूम की व्यवस्था किया जाए।
8. विद्यार्थी के लिए डिजिटल आईडी कार्ड और ई लाइब्रेरी की व्यवस्था की जाए । 9. महाविद्यालय के मुख्य ह०ल में कार्यक्रम के लिए छात्र छात्राओं को अनुमति दिया जाए ।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने इन सभी समस्याओं का निवारण हेतु 1 सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है
मौके पर नगर मंत्री प्रभात कुमार, प्रदेश जनजातीय कार्य सह प्रमुख मिलन मुंडा, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य अनीश सिंह, रितेश यादव, बाबूलाल मेहता, नगर सहमंत्री अभिषेक कुमार, यशवंत कुमार, अभिमन्यु भगत,शेखर शर्मा, आशीष सिंह,रंजीत यादव, ऋतिक, राजदीप, हिमांशु, सत्यम कुमार, चिन्मय भारद्वाज,नीतीश, शिवम सिंह, सत्यम सिंह,संकेत कुमार,आशीष व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।





## हजारीबाग को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करे सरकार,- सांसद प्रतिनिधि

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशेर राणा**



हज़ारीबाग सांसद जयन्त सिन्हा के मंडल सांसद प्रतिनिधि मुकुन्द साव ने राज्य की हेमन्त सरकार को चिट्ठी लिखकर हजारीबाग जिला को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने का माँग किया। मुकुन्द साव ने कहा कि जिले के किसान इन दिनों बारिश नहीं होने के कारण आसमान के तरफ टकटकी लगाए हुए बैठे है, खेतो में बीज नहीं लगा, कहीं कहीं किसी तरह अगर बीज खेत में डाला भी गया तो बीज में पानी के अभाव में अंकुर भी नहीं हुआ, हजारी बाग़ के अधिकतर किसान कृषि पर ही निर्भर करता है, ऐसे में उन किसानों के सामने बाल बच्चो का भरण पोषण की समस्या उत्पन्न होने वाली है, किसान बेहद चिंतित है, प्रकृति की व्यवस्था से अब हजारीबाग के किसान काफी मर्माहत और चिंतित है, जनसेवा संस्था के अध्यक्ष संदीप कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष प्रमोद सोनी शामिल थे।



दिनांक: 03-08-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## श्री विनय कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गिरिडीह के पद पर पदस्थापित से जिला के शिक्षकों में हर्ष

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



प्राथमिक शिक्षक संघ गिरिडीह प्रवक्ता सह सहाय्यक शिक्षक संजीव कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि स्कूली शिक्षा एवम् साक्षरता विभाग की अधिसूचना के आलोक में जिला शिक्षा अधीक्षक, गिरिडीह के पद पर श्री विनय कुमार जी का पदस्थापना गिरिडीह जिला के प्राथमिक शिक्षकों को भारत का अमृत महोत्सव पर एक सुखद अनुभूति हो रही है। सरकार की पहल पर गिरिडीह जिला के शैक्षणिक गतिविधियों के विकास के लिए एक सराहनीय कदम के तहत जिला के क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, डुमरी के कार्य की कर्मठ्ता के फलस्वरूप पदस्थापना की गई, जिला के हम शिक्षकों के लिए अनुकरणीय। शिक्षा के विकास में जिला स्तर पर विभिन्न गतिविधियों में आपकी मृदुभाषी एवम् विनम्र शैली हम सभी शिक्षकों के लिए एक नया मार्ग दर्शन का राह बनेगा। समग्र शिक्षा के तहत बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हम सभी शिक्षकों का सहयोग आपके साथ दृ ढ़ता से बना रहेगा। विनय का अर्थ अच्छे संस्कार एवम् शिष्टाचार से निहित रहने का लाभ आपके नाम के अनुकूल आशीर्वाद जिला के प्यारे बच्चों को मिलता रहेगा।

## स्कूल से सरहद तकश मुहिम के तहत बच्चों ने भेजे ग्रीटिंग कार्ड

### 15 अगस्त को देश के जांबाजों के हाथों में होगा यह कार्ड

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



देश के वीर जवानों को कार्ड भेजते स्कूली बच्चे

आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर हजारीबाग डीसी नैंसी सहाय द्वारा शुरू की गई अनोखी मुहिम से स्कूली बच्चे काफी प्रभावित हो रहे है। बुधवार को विष्णुगढ़ के गुरुग्राम पब्लिक स्कूल के दर्जनों बच्चों ने अपने हाथों से बने कार्ड सरहद पर तैनात देश के जांबाज वीरों को भेजने के लिए विद्यालय के माध्यम से जिला प्रशासन को उपलब्ध कराया। इन कार्डो में नन्हें हाथों से विविध रंगों में देश प्रेम से ओतप्रोत संदेश एवं चित्र उकेरे गए हैं। 15 अगस्त को ये सभी कार्ड देश के फौजी भाइयों के हाथों में होंगे। विद्यालय डायरेक्टर प्रभात कुमार ने कहा कि हजारीबाग प्रशासन की यह अच्छी पहल है। हमारे देश के वीर जवान नन्हे बच्चों के हाथों से बने कार्ड पाकर अदम्य साहस से आनंदित होंगे। वहीं, बच्चों को भी देश एवं उन वीरों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करने का मौका मिला है।

## कृषक गोष्ठी में जिला परिषद सदस्य कुमारी प्रभा वर्मा ने उठाई सुखाड़ घोषित करने की मांग

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



कृषि मंत्रालय झारखंड सरकार के निर्देशन पर गिरिडीह ज़िला अन्तर्गत जमुआ प्रखण्ड सभागार में आयोजित कृषक गोष्ठी में जिला परिषद सदस्य कुमारी प्रभा वर्मा जमुआ भाग संख्या13 विशिष्ट अतिथि बतौर भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला परिषद सदस्य कुमारी प्रभा वर्मा ने कहा वर्तमान में झारखंड राज्य में जो सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न हुई है इस बाबत किसानों को क्या क्या और कैसे लाभ दिया जा सकता है इस संदर्भ में विस्तृत चर्चा एवं परिचर्चा हुई। सरकार ने वैकल्पिक खेती बतौर कुलथी,सुरगुजा इत्यादि खेती को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया है । मैंने वैकल्पिक खेती हेतु सरकार द्वारा ससमय बीज उपलब्धता पर जोर दिया। साथ ही साथ छोटे छोटे तालाबों का जीर्णोद्धार एवं चेकडैम निर्माण का सुझाव दिया जिसे जिला के आला अधिकारियों ने सहर्ष स्वीकार किया। आश्वस्त भी किया कि शीघ्र ही इस दिशा में आवश्यक पहल किया जाएगा। कार्यक्रम में जमुआ प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र गिरिडीह के वैज्ञानिक, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी सहित सैकड़ों कृषकों ने भाग लिया।

## राशन नहीं मिलने से हुई गरीब बिशु सिंह की मौत, माले ने लिया संज्ञान

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




आज भाकपा माले की टीम ने लेदो गांव का दौरा कर पीड़ित राशन कार्ड धारियों का जायजा लिया। राशन कार्ड धारियों की पीड़ा सुनकर माले प्रतिनिधि मंडल ने कहा की राशन डीलरों के द्वारा राशन वितरण मे की जा रही मनमानी और अनियमितता की जांच और कार्रवाई हो, नहीं तो होगा आंदोलन। गिरिडीह जिला अन्तर्गत गांडेय प्रखंड स्थित लेदो निवासी बिशु सिंह की मौत गरीबी, अभाव तथा राशन नहीं मिलने के कारण हुई है। राशन डीलर के द्वारा उसे 3 महीने का अनाज नहीं दिया गया था। दाने-दाने को मोहताज बिशु सिंह का परिवार भीख मांग कर किसी तरह गुजारा कर रहा था और आखिरकार बीते 29 जुलाई को उसकी मौत हो गई। बाद में, उसकी मौत का मामला बढ़ने की आशंका देख डीलर ने आनन-फानन उसके घर में कुछ राशन भी पहुंचा दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि, मृतक का राशन कार्ड भी डीलर ने ही अपने पास रखा हुआ है। उक्त बातें भाकपा माले नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने आज लेदो गांव का दौरा कर पीड़ित परिवार की एकमात्र सदस्य उसकी विधवा देवंती देवी तथा ग्रामीणों से मिलने के उपरांत कही। उन्होंने कहा कि, कल ही उन्हें इस बात की सूचना मिली थी कि 55 वर्षीय विष्णु सिंह की मौत अनाज के अभाव में हुई है। सूचना पर आज पार्टी की एक टीम के साथ उन्होंने गांव का दौरा कर मृतक की विधवा तथा गांव के अन्य लोगों से इस संबंध में बात कर वस्तु स्थिति का जायजा लिया और इस पूरे मामले की जांच और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग जिला प्रशासन से की। उन्होंने कहा कि, गांडेय प्रखंड में गरीबों के हिस्से का राशन मार कर उसकी कालाबाजारी कर देना कोई नई बात नहीं है। लेदो में भी यही सब देखने में आया है। गांव के लोगों ने बताया कि, स्थानीय डीलर के द्वारा उन्हें एक भी महीने 2 बार का राशन का वितरण नहीं किया गया है। यहां तक कि आज तक जुलाई का राशन भी नहीं बांटा गया है। इसी तरह समय खींचकर पूरे माह का राशन गोल कर दिया जाता है। इसलिए राशन की कालाबाजारी तथा बिशु सिंह की मौत से गांव में लोग काफी आक्रोशित हैं। कहा कि, यदि इस मामले पर जांच और कार्रवाई नहीं हुई तो जोरदार आंदोलन शुरू किया जाएगा। मौके पर प्रखंड सचिव मेहताब अली मिर्जा, सलामत अंसारी, जीवलाल सिंह, बद्री सिंह, सरजू, उमेश, टेको, रामेश्वर सिंह, प्रकाश सिंह, एतवारी सिंह, बासदेव सिंह, ईश्वर सिंह, लूटन सिंह, बंगाली सिंह, दुती सिंह, तिरु सिंह, मोबिन अंसारी, दीपन सिंह, नंदलाल सिंह, किशोर सिंह, श्यामसुंदर सिंह, देवंती देवी, शांति देवी, फुलिया देवी, फुलमनी देवी, सुगिया देवी, कौशल्या देवी, सुमिता देवी समेत अन्य मौजूद थे।

## गिरिडीह जिला की जनता लॉटरी टिकट के जाल में फंसकर हो रहे बर्बाद

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला भर में लॉटरी का धंधा फल फूल रहा है और लोग पैसे की लालच में आकर बर्बाद हो रहे हैं। अवैध लॅसटरी के धंधे से जुड़े माफियाओं को आड़े हाथ लेते हुए भाकपा माले नेता सह गिरिडीह विधान सभा प्रभारी कॉमरेड राजेश सिन्हा ने कहा कि रोज कमाने खाने वाले गरीब मजदूर फ़स चुके है ल०टरी के जाल में,रोज 200-400 कमाने वाले भी है इसकी चपेट फंसते जा रहें हैं। गिरिडीह शहरी इलाके के अलावे मुफ्फसिल क्षेत्रों में यह धंधा बहुत फल फूल रहा है। प्रशासन को सब पता है कौन बेच रहा है कौन बेचवा रहा है और कौन खरीदवा रहा है और कौन खरीदवा रहा है, प्रत्येक दिन करोड़ो रूपये का अवैध कारोबार चल रहा है। कारोबार करने वाले शहर के प्रतिष्ठित लोग कहे जाते हैं कई राजनीतिक दलों से उनका संबंध है,कई बार छापामारी तो होती है निचले स्तर पर पकड़े जाते हैं लेकिन उसका जड़ कौन हैं उस जगह पर प्रशासन हाथ देना उचित नहीं समझती है ,प्रशासन से माले मांग करता है कि जो इस धंधे में ऊंचे स्तर पर सामील है उस धंधेबाज को पूरे जिले में पर्दाफ़ास किया जाय। लॉटरी टिकट को नशा के जैसा इस्तमाल कर रहे है लोग घर में अनाज रहे न रहे, दवाई रहे न रहे,परिवार की हालत खराब हो किन्तु लॉटरी टिकट का नशा जिनको लग गई है उनको टिकट चाहिये। ज्ञात हो 50,000-1,00,000 रुपये रोज बाट कर करोड़ो रूपये की लूट हो रही है जिले में,इसे जल्द बंद करवाया जाय, ग्रामीण क्षेत्रों के जनप्रातिनिधि इस पर ध्यान दें आपके एरिया के गरीब बर्बाद हो गए है,बचाना आपका फर्ज है।







डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## गोल्डेन फ्यूचर कोचिंग सेंटर पलौंजिया के छात्र छात्राओं ने मैट्रिक ओर इंटर आर्टस में मारी बाजी

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**




बिरनी थाना क्षेत्र के गोल्डेन फ्यूचर कोचिंग सेंटर पलौंजिया के छात्र छात्राओं ने मैट्रिक ओर इंटर आर्टस में मारी बाजी वही कोचिंग संचालक प्रदीप कुमार ने बताया कि लगतार जैक बोर्ड मैट्रिक और इंटर आर्ट्स में आये सभी छात्र छात्राओं का परिणाम में गोल्डेन फ्यूचर कोचिंग के बच्चों ने फिर से मारी बाजी वही आजसू के नेता अमित गुप्ता ने मिठाई खिलाकर कर बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि इस कोचिंग के सभी बच्चों का उज्वल भविष्य का कामना करता हूँ और सभी छात्र-छात्राओं इसी तरह मेहनत करे और अपना नाम रोशन करे यही कामना करता हूँ

मैट्रिक में टॉप किये गए बच्चों का सूची प्रशांत कुमार और हिमांशु कुमार 94.6%लाकर जिला में स्थान बनाएं। वहीं प्रशांत कुमार 94.6%अंक लाकर बने कोचिंग के ट०पर और हिमांशु कुमार 94.4%लाकर रहे दूसरे स्थान पर।सीमा कुमारी और निशांत92.6%लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। टॉप टेन की सूची प्रशांत कुमार, 946% हिमांशु कुमार, 94.2%3.निशांत कुमार 92.6%सीमा कुमारी 92.2%विद्यानंद कुशवाहा, 91.8%राजकुमार 91.8% करिश्मा कुमारी 91% वर्षा रानी 90.4% शैली प्रिया 90.4%नीरज कुमार 90% संगीता कुमारी 89.6% , श्वेता साव 89.20%,निशु कुमारी 88.8%, विक्रम कुमार 88.8%, खुशबू, कुमारी 87.8%, अजय कुमार 87.6%, प्रीति कुमारी 86.2%, शालिनी कुमारी 86%, शुभम कुमार 85.8%, रानी गुप्ता 85.6%, प्रियंका कुमारी 85.4%, श्वेता कुमारी 85%, हेमंत +प्रेमजीत+शिवपूजन 84.20%, प्रियंका कुमारी 83.20%,छोटू कुमार 80.40% स जैक इंटर आर्ट्स में उत्तीर्ण प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुवे।कोचिंग के ट०प 10. बिपाशा कुमारी 401 अंक,राखी कुमारी401अंक, प्रति कुमारी395अंक, संकुल कुमार 395अंक,प्रकाश कुमार 384अंक,मधु कुमारी 378अंक,श्रुति कुमारी,370अंक, वंशिका कुमारी370अंक, संजना कुमारी368अंक, काजल कुमारी 368अंक,विकास कुमार 360अंक, प्रियंका कुमारी 356अंक वही कोचिंग संचालक प्रदीप कुमार ने बताया कि कोचिंग के कुल 97 छात्र छात्राओं वार्षिक परीक्षा में सामिल हुवें थे। जिसमे 56 बच्चों ने 80:से अधिक अंक प्राप्त किए जबकि 41 बच्चे प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण हुवे वही कहा कि इन सभी छात्र छात्राओं को बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। इसी तरह सभी छात्र-छात्राओं मेहनत करते रहे हैं और अपने कोचिंग सेंटर नाम के साथ साथ अपना नाम भी रोशन कर

## पचंबा थाना सभागार में हुई शांति समिती की बैठक

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आज बुधवार शाम को पचंबा थाना सभागार में गिरिडीह एसडीएम विशाल दीप खलको की अध्यक्षता में मुहर्रम त्यौहार को लेकर शांति समिती की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान गिरिडीह एसडीएम ने अपने संबोधन में कहा कि आप सभी शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण माहौल में मुहर्रम त्यौहार मनाए और शान्ति व्यवस्था कायम रखने में पुलीस प्रशासन का सहयोग करें। गिरिडीह ज़िला प्रशासन आप सभी के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। बैठक को संबोधित करते हुए डीएसपी संजय राणा ने कहा कि आप सभी पुलिस मित्र हैं और पुलिस आपका मित्र हैं। आपस में शांति व्यवस्था कायम रखते हुए मित्रता कायम रखनी है। अखाड़े को समय पर निकालिए और प्रशासन द्वारा चिन्हित जुलूस रूट चार्ट को ध्यान में रखते हुए निकाले। अखाड़े में खत. रनाक खेल की नुमाइश ना करें। डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध जारी रहेगी। पचंबा थाना प्रभारी सौरभ राज ने अपने संबोधन में कहा की पूरे पचंबा थाना क्षेत्र में किसी को भी कही किसी तरह की कोई उपद्रवी नज़र आएं तो तुरंत सुचना दे। पचंबा थाना क्षेत्र में मुहर्रम त्यौहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। जुलुस और अखाड़ा में 100से अधिक भीड़ जमा नही होना है। आज के बैठक का संचालन तेलोडिह मुखिया शब्बीर आलम ने किया। आज के बैठक में पचंबा थाना एएसआई अवधेश कुमार, शंभू सिंह, थाना मुंशी अरुण कुमार सिंह, दिगावार सेवा यादव,मुमताज अंसारी, अनिल कुमार गुप्ता, महताब मिर्जा, नूर अहमद, अमीर अली परवेज अंसारी एमडी मकसूद एमडी मकसूद, राजेश कुमार समेत कई सदर और सेक्रेटरी मौजूद रहे।

## इडेन हाई स्कूल भौंरा, धनबाद में बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ

### बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड ने इडेन हाई स्कूल , भौंरा में त्रिदिवसीय प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया





**अपेम लाइवः ,धनबाद**

इडेन हाई स्कूल ,भौंरा, धनबाद में बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड के द्वारा तीन दिवसीय स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया । समापन सत्र की अध्यक्षता कर रहे प्रधानाध्यापक सत्य प्रकाश सिंह ,मुख्य अतिथि भौंरा थाना के सब इंस्पेक्टर विनय कुमार यादव एवं विशिष्ट अतिथि विद्यालय के स्काउट हेड बबन पात्रा, बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड के सचिव श्री पप्पू पंडित उपस्थित रहे। इडेन हाई स्कूल भौंरा, धनबाद के स्काउट के बच्चों ने दिनांक 1 अगस्त से 3 अगस्त 2022 तक 3 दिनों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रथम दिन बच्चों को ट्रैकिंग के लिए ले जाया गया जहां पर स्काउट के बच्चों को नेचर कलेक्शन ,कबड्डी, रिले रेस, हैंकी रेस, मैसेज पास, फास्टेड, ड्रील,योग इत्यादि से परिचय करवाया गया। इस तरह से भारतीय खेलों के बारे में स्काउट भैया बहनों को बतलाया गया। दूसरे दिन बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड के शिक्षकों के द्वारा योग करवाया गया योग में आसन, प्राणायाम , पिरामिड, फास्टेड (प्रा.थमिकचिकित्सा),कठिन व्यायाम के रहस्य को समझाया गया बच्चों ने मन लगाकर इस व्यायाम आसन में भाग लिया साथ ही मन को एकाग्र करने के लिए वृक्षासन के बारे में भी बताया गया। अंतिम दिन समापन समारोह में बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम ,प्राणायाम, पिरामिड, मार्च पास्ट, परेड, पिरामिड फा.स्टेड,गेजेट, एडवेंचर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मुख्य अतिथि के सामने दिखलाया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भौंरा थाना के सब इंस्पेक्टर विनय कुमार यादव ने कहा कि 3 दिनों का कैंप में बच्चे जिस प्रकार से स्काउट एंड गाइड के बारे में जानकारी लिए साथ ही समय में संस्था के लोग इतना जानकारी दिए उनके लिए स्काउट एंड गाइड का जो प्रयास है वह बहुत ही सफल प्रयास है इस प्रयास से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ेगा, शारी. रिक क्षमता का विकास होगा साथ ही बच्चों में जो हीनता का भावना है वह समाप्त होगा। कोरोना रूपी बीमारी से जिस प्रकार हम मर रहे हैं उससे बचने का एकमात्र उपाय बच्चे को शुरू से ही स्काउट एंड गाइड का प्रशिक्षण अभिभावक जरूर दें।बच्चे एक दूसरे को समझ सकेंगे इसके लिए स्काउट एंड गाइड के प्रशिक्षकों को मैं धन्यवाद देना चाहता हूं

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के शिक्षक बावन पात्रा, गुरुदास मुखर्जी सनत बनर्जी बीएन घोष ,सुजल भंडारी ,एसके गौरांई, संगीता कुमारी, संतोष कुमार सिंह, सुनीता कुमारी अनिता कुमारी, दीपा कुमारी, के अलावा बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड के जिला संगठन आयुक्त शैलेश रंजन, मुख्य प्रशिक्षक रिक्की कुमार साव,प्रबंधक मिथिलेश कुमार, विपुल कुमार, अशोक पाल, गाइड शिक्षिका,शीतल कुमारी,आदि के देखरेख में प्रशिक्षण संपन्न

## वर्षो से खाली पड़ा बिरनी के टाटो आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका बनी :- कुमारी नीतू

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड क्षेत्र के बरमसिया पंचायत टाटो गांव में कई वर्षों से खाली पड़ा सेविका पद का बुधवार हुआ चयन झारखंड सरकार के पत्रांक संख्या 585एवं पत्रांक 631के तहत बुधवार को टाटो में वीडियो सुनील वर्मा पर्यवेक्षिका इंदु देवी बरमसिया पंचायत के मुखिया विष्णुदेव प्रसाद वर्मा टाटो वार्ड सदस्य राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में आंगनबाड़ी केंद्र का सेविका का चयन किया गया जिसमें गांव के ग्रामीणों ने भी भाग लिया कुमारी नीतू पति तुलसी प्रसाद वर्मा को अधिक डिग्री होने के कारण सर्व समिति से आंगनवाड़ी सेविका के रूप में चयन किया गया वीडियो ने प्रमाण पत्र ।मौके पर सदानंद प्रसाद वर्मा दामोदर वर्मा गुरुगोविंद वर्मा रोहित वर्मा महेंद्र वर्मा बिरजू वर्मा ब्रह्मदेव वर्मा सुखदेव वर्मा पंकज वर्मा बासदेव वर्मा बेंकुठ वर्मा पूरन महतो देवेंद्र वर्मा पुनीत वर्मा नरेश वर्मा तुलसी वर्मा रेवत राय समेत दर्जनों महिला उपस्थित थी।




